an>

Title: Need to include 'Pravara Nilwande' project in Shirdi Parliamentary constituency, Maharashtra under Pradhan Mantri Krishi Sichayee Yojana and also

allocate adequate funds for the purpose.

श्री सदाशिव लोखंडे (शिर्डी) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिर्डी, जिला अहमदनगर (महाराष्ट्र) के अंतर्गत श्री साइप बाबा का विश्व प्रसिद्ध धाम शिर्डी शहर में स्थित है। जहां पर देश से ही नहीं बल्कि विदेश से भी बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शनार्थ प्रतिदिन आते हैं। श्री साइप बाबा का समाधि शताब्दी वर्ष, 2018 में है।

शिर्डी में श्री साइप बाबा के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं एवं निकटवर्ती गांवों में पानी की परेशानी को दूर किए जाने हेतु अहमदनगर जिले में ""प्रवरा निलवंडे"" केनाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र की ए.आई.बी.पी. योजना के अंतर्गत 80 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार और 20 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को व्यय करनी है। लेकिन, अब ए.आई.बी.पी. योजना को बंद कर दिया गया है और इस योजना के स्थान पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रारम्भ की गई है।

राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की ए.आई.बी.पी. योजना के स्थान पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रारम्भ की है, उसके लिए 7 प्रकल्प केन्द्र सरकार को प्रेषित किए हैं जिनमें ""प्रवरा निलवंडे"" प्रकल्प शामिल नहीं है। शिर्डी धाम के निकटवर्ती ग्रामों की भीषण सूखे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ""प्रवरा निलवंडे"" को राज्य सरकार की ओर से आठवें प्रकल्प में केन्द्र सरकार स्वीकार करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार से प्रकल्प भिजवाने हेतु कार्यवाही की जानी चाहिए, जिससे वहां के किसानों को न्याय मिल सकें।

राज्य सरकार धनाभाव के कारण अपने हिस्से की राशि देने में असमर्थ है। राज्य सरकार की उक्त 20 प्रतिशत राशि को श्री साइप बाबा संस्थान शिर्डी देने के लिए तैयार है तथा शिर्डी के निकटवर्ती ग्रामें की भीषण सूखे की स्थिति को देखते हुए संस्थान 500 करोड़ रूपए देने को तैयार है। लेकिन, केन्द्र सरकार की ओर से धनराशि का आवंटन न मिलने के कारण इस केनाल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में स्थानीय ग्रामीणों, किसानों एवं श्रद्धालुओं को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा अनुरोध है कि शिर्डी श्री साइप बाबा की महत्ता और निकटवर्ती ग्रामों की पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जो 7 प्रकल्प केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु भेजे हैं तथा ""प्रवरा निलवंडे"" प्रकल्प शामिल नहीं है उसको राज्य सरकार केन्द्र सरकार को 8वें प्रकल्प के रूप में प्रेषित करते हुए ""प्रवरा निलवंडे"" केनाल का निर्माण कार्य श्री साइप बाबा के समाधि शताब्दी वर्ष, 2018 के शुभारंभ तक पूरा करवाने की कृपा करें, ताकि क्षेत्र के किसान अकाल की स्थिति से बच सके और उन्हें अपनी उपज हेतु पानी की सुविधा प्राप्त होकर न्याय मिल सके।